आकाशवाणी

क्षेत्रीय समाचार एकांश

देहरादून (उत्तराखण्ड)

रविवार 17.11.2024

समय 1305

पहले मुख्य समाचार :–

- प्रदेश में सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वालों के खिलाफ पुलिस ने अभियान तेज किया।
- चम्पावत जिले में खनिज परिवहन में लगे वाहनों पर जी.पी.एस लगाने के निर्देश।
- सड़क दुर्घटनाओं पर रोक लगाने के लिए प्रदेशभर में सघन चेकिंग अभियान चलाया जाएगा।
- गेंदे के फूलों से सजाया गया बदरीनाथ धाम, आज रात बंद होंगे मंदिर के कपाट।
- यमुनोत्री धाम के लिए 170 करोड रूपये की लागत से बनने वाली रोपवे परियोजना का निर्माण कार्य शुरू।

एक्शन जारी

सार्वजनिक स्थानों पर शराब का सेवन करने वालों के खिलाफ पुलिस ने अभियान तेज कर दिया है। दून पुलिस शहर के अलग–अलग हिस्सों में अभियान चलाकर ऐसे लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई कर रही है, जिसमे अबतक एक हजार आठ सौ से अधिक चालान किए गए हैं, जिसमें 5 लाख से ज्यादा अर्थदण्ड वसूला गया है। देहरादून के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह ने सभी चौकी प्रभारियों को सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वालों के साथ ही शरारती तत्वों पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

उधर, ऑनलाइन यौन शोषण की घटनाओं को अंजाम देने वाले दो अभियुक्तों को ऊधमसिहंनगर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जिले के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मणिकांत मिश्रा ने बताया कि गिरफ्तार लोगों में एक महिला भी है। अभियुक्त, सेक्सटॉर्शन के जरिए लोगों से ठगी किया करते थे।

खनन–जी.पी.एस अनिवार्य

चम्पावत जिले में खनिज परिवहन के वाहनों पर अनिवार्य रूप से जी.पी.एस लगाने के निर्देश दिए गए हैं। जिलाधिकारी नवनीत पांडे ने कहा कि इससे अवैध खान परिवहन और भंडारण पर प्रभावी रोक लगाई

जा सकेगी। उन्होंने कहा कि खनन वाहनों का पंजीकरण करते समय ही यह सुनिश्चित कर लिया जाए कि वाहन में जीपीएस सिस्टम लगा है या नहीं। जनपद स्तरीय जिला अवैध खनन निरोधक दल की बैठक में जिलाधिकारी ने टास्क फोर्स के सदस्यों को अवैध खनन परिवहन, ओवरलोडिंग पर लगातार अभियान चलाकर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बिना वैध प्रपत्र के उपखनिजों के परिवहन को रोकने के लिए नियमित रूप से चैकिंग अभियान चलाया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि जिन वाहनों में जीपीएस नहीं लगा होगा और वाहन में आगे–पीछे स्पष्ट नंबर प्लेट नहीं होगी, उनका पूरे खनन सीजन में लाइसेंस निरस्त कर वाहन सीज कर दिया जाएगा।

पब और बार

देहरादून में रात ग्यारह बजे के बाद कोई भी बार, पब, क्लब संचालित नहीं होगा। जिलाधिकारी सविन बंसल ने रात में नशे के कारण बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं के मद्देनजर शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखने को लेकर यह निर्णय लिया है। उन्होंने सप्ताह के अंत में एक घंटा अतिरिक्त बार संचालन की अनुमति की वर्षों पुरानी प्रथा को देहरादून से समाप्त कर दिया है। जिलाधिकारी ने कहा है कि रात ग्यारह बजे के बाद बार, पब और क्लब के संचालन के उल्लंघन पर विधिक कार्यवाही की जाएगी।

इस बीच, जिलाधिकारी की संस्तुति के बाद आबकारी सचिव ने देहरादून–मसूरी रोड स्थित एक नामचीन होटल के बार का 24 घंटे का लाइसेंस निरस्त कर उसे घटाकर 12 घंटे कर दिया है।

अभियान

सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए प्रदेशभर में सघन चेकिंग अभियान चलाया जाएगा। अभियान के दौरान वाहनों की ओवरस्पीड, ओवरलोडिंग और नशे की हालत में वाहन चलाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी। इसे लेकर संयुक्त परिवहन आयुक्त सनत कुमार सिंह ने संभागीय परिवहन अधिकारियों, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारियों, परिवहन कर अधिकारियों और सभी संभागीय निरीक्षकों को पत्र जारी किया है। पत्र में पर्यटन, तीर्थयात्रा और शादी के सीजन के दौरान भी विशेष चेकिंग अभियान चलाने को कहा गया है। संयुक्त परिवहन आयुक्त ने कहा कि जांच के दौरान यदि वाहनों में तकनीकी परेशानियां है और खराब वाहनों का संचालन हो रहा तो ऐसे वाहनों की फिटनेस तत्काल निरस्त कर दिया जाए।

सड़क सुरक्षा

राजधानी देहरादून में सड़क दुर्घटनाओं पर रोक लगाने के लिए प्रभावी उपाय किए जा रहे हैं। इसके लिए जिलाधिकारी सविन बंसल ने जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक ली, और संबंधित अधिकारियों को युद्ध स्तर पर काम करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने सड़क सुरक्षा सुधारीकरण और दुर्घटनाओं में कमी लाए जाने वाले उपायों के लिए 30 लाख रूपये की धनराशि स्वीकृत की है। साथ ही सड़क दुर्घटनाओं के कारणों की जानकारी के साथ दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए विभागों से एक सप्ताह के अंदर सुधारीकरण का प्रस्ताव मांगा है।

आयुष्मान वय वंदना कार्ड

आयुष्मान वय वंदना कार्ड के शुरू होने के तीन सप्ताह के अंदर 10 लाख से अधिक वरिष्ठ नागरिकों ने इसके लिए नामांकन कराया है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया है कि इनमें से लगभग 4 लाख नामांकन महिलाओं द्वारा किए गए हैं। इस कार्ड के जारी होने के बाद से 9 करोड़ रुपये से अधिक के उपचारों को अधिकृत किया गया है।

बदरीनाथ कपाट

इस वर्ष की चार धाम यात्रा का आज अंतिम दिन है। आज रात 9 बजकर 7 मिनट पर चमोली स्थित बदरीनाथ धाम के कपाट शीतकाल में श्रद्धालुओं के लिए बंद किये जाएंगे। इसके लिए बद्रीनाथ—केदारनाथ मंदिर समिति ने बदरीनाथ मंदिर को कई क्विंटल गेंदे के फूलों से सजाया है। कपाट बंद होने की प्रक्रिया 13 नवंबर को पंच पूजाओं के साथ शुरू हो गई थी। कल लक्ष्मी जी को कढ़ाई भोग चढ़ाया गया। आज ब्रह्म मुहूर्त से विभिन्न पूजांए शुरू हो गई हैं, जो शाम तक जारी रहेंगी।

कपाट बंद होने के अवसर पर बड़ी संख्या में देश—विदेश से श्रद्धालु बदरीनाथ पहुंच रहे हैं। प्राप्त आंकड़ों के अनुसार इस वर्ष अब तक 14 लाख 25 हजार से अधिक श्रद्धालु भगवान बद्री विशाल के दर्शन कर चुके हैं।

एक पेड़ मां के नाम अभियान

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक पेड़ मां के नाम अभियान को प्रभावी बनाने में सहयोगी सभी लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया है। श्री मोदी ने सोशल मीडिया पर लोगों से अपनी मां के सम्मान में एक पेड़ लगाने और धरती को टिकाऊ बनाने में योगदान देने का आग्रह किया।

## रोपवे निर्माण

उत्तरकाशी स्थित यमुनोत्री धाम के लिए रोपवे परियोजना स्थल खरसाली में निर्माण कार्य शुरू हो गया है। राज्य सरकार ने यमुनोधी धाम के लिए रोप –वे के निर्माण का जिम्मा पब्लिक प्राईवेट पार्टनरशिप मोड पर एक निजी कंपनी को सौंपा है। इस बहुप्रतीक्षित रोप–वे परियोजना की कुल लंबाई तीन दशमलव नौ किलोमीटर होगी और इसकी क्षमता प्रति एक घंटे में एक तरफ 580 लोगों को ले जाने की होगी। लगभग 170 करोड़ की लागत की इस रोप–वे परियोजना मे खरसाली से यमुनोत्री धाम के बीच कुल 10 टावर बनाए जाएंगे। इस परियोजना का सबसे निचला टर्मिनल खरसाली में बनाया जाएगा औस सबसे उपरी टर्मिनल यमुनोत्री धाम में पुलिस चौकी के निकट बनेगा। यह रोप–वे छः मीटर प्रति सेकेण्ड की गति से संचालित करने के लिए डिजायन किया गया है और इसके खरसाली स्थित निचले टर्मिनल से यमुनोत्री धाम के उपरी टर्मिनल तक 15 मिनट के भीतर पहुंचा जा सकेगा।

इस टर्मिनल पर 250 कारों, 30 दुपहिया वाहनों और 40 ट्रेवलर वैन की क्षमता की पार्किंग का निर्माण भी किया जाएगा।

## औद्योगिक क्षेत्र

उधमसिंह नगर में उत्तराखंड उद्योग विभाग को मिली जमीन सिडकुल को हस्तांतरित कर दी गई है। सिडकुल अब इस जमीन पर सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) औद्योगिक क्षेत्र स्थापित करेगा। जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने बताया कि रुद्रपुर के ग्राम बिगवाड़ा स्थित यह जमीन राज्य गठन के बाद भी यूपी उद्योग विभाग के नाम दर्ज थी। अब यह जमीन सिडकुल को हस्तांतरित कर दी गई है। उन्होंने बताया कि सिडकुल ने 11 करोड़ 82 लाख 60 हजार रुपये का भुगतान कर दिया है, और जमीन सिडकुल के नाम दर्ज की जा चुकी है।

## ग्रामीण आर्थिकी सशक्तीकरण

चम्पावत जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों की आजीविका के संसाधन बढ़ाने और किसानों की आय दोगुनी करने के लिए विभिन्न स्तर पर लगातार प्रयास जारी हैं। ग्रामीणों की आजीविका बढ़ाए जाने में भेषज विभाग की अहम भूमिका है। जिला स्तर पर जड़ी–बूटी विकास के लिए भेषज विभाग जिले के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों को रोजमेरी के पौधों का निःशुल्क–वितरण कर रहा है। जिला भेषज संघ के समन्वयक कमलेन्द्र यादव ने बताया कि विभाग द्वारा झालाकुड़ी गांव में महिला स्वयं सहायता समूह की 56 महिलाओं को 88 हजार रोजमैरी के पौधे दिए गए हैं। साथ ही विकासखंड लोहाघाट के बाकू गांव की 52 महिला कृषकों को रोजमेरी के 85 हजार 800 पौध निःशुल्क वितरित किए गए हैं।

बैठक

चमोली जिले में औद्योगिक विकास को गति देने और उद्यमियों की समस्याओं के समाधान के लिए मुख्य विकास अधिकारी नंदन कुमार की अध्यक्षता में जिला स्तरीय उद्योग मित्र समिति की बैठक हुई। इस दौरान संबंधित विभागों को उद्यमियों की समस्याओं का त्वरित निस्तारण करने के निर्देश दिए गए। मुख्य विकास अधिकारी ने जिला महाप्रबंधक को औद्योगिक क्षेत्रों में आवंटित भूखंडों की लीज अनुबंध की कार्रवाई शीघ्र पूरी करने और औद्योगिक संस्थानों में अग्निशमन के पुख्ता इंतजाम करने के निर्देश दिए। उद्यमियों की ओर से कालेश्वर औद्योगिक क्षेत्र में ड्रेनेज की समस्या पर मुख्य विकास अधिकारी ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों को क्षेत्र में जल निकासी का प्रस्ताव तैयार करने और बिजली की सुचारू आपूर्ति के लिए आवश्यक कार्यवाही करने के भी निर्देश दिए हैं।

महिला प्रेरक समूह गठन

सामुदायिक सहभागिता को परिणामोन्मुखी बनाए के लिए नैनीताल जिले के सभी सरकारी स्कूलों में 12 सदस्यीय महिला प्रेरक समूह का गठन किया जाएगा। इस समूह में विद्यालय प्रबंधन समिति की ओर से तीन महिला सदस्यों को शामिल किया जाएगा, जो विशेष आवश्यकता वाले बच्चों की माता, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति वर्ग से होंगी। इनके अलावा समूह में सम्बंधित ग्राम सभा के महिला मंगल दल की दो सदस्य, निकटवर्ती प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में कार्यरत ए०एन०एम और स्वंय सहायता समूह से जुड़ी 6 महिला सदस्य भी शामिल होंगी। मुख्य शिक्षा अधिकारी और जिला परियोजना अधिकारी, समग्र शिक्षा नैनीताल, पी०एल टम्टा ने जिले के सभी खण्ड शिक्षा अधिकारी और उप शिक्षा अधिकारियों को इस आशय से पत्र जारी कर दिया है।